

Dr. S. S. Pandey

## भारत में विवाह की आयु

## Age of Marriage in India

1

**भारत में विवाह की आयु**

- भारत में विवाह की आयु का स्वरूप
- भारत में कम आयु में विवाह के दुष्परिणाम
- भारत में कम आयु में विवाह के कारण
- भारत के विशेष संदर्भ में सुझाव

2

**भारत में विवाह की आयु का स्वरूप**

**Marriage age pattern in India**

3

1. विवाह की आयु जनसंख्या वृद्धि का प्रमुख निर्धारक कारण होती है
2. भारत में बाल विवाह / कम आयु में विवाह एक ऐतिहासिक घटना रही है

4

3. यद्यपि कई तरीके से विवाह की आयु को बढ़ाने का प्रयास किया जाता रहा है, इसके बावजूद आज भी 27% विवाह निर्धारित आयु से कम में होती है।
   (यूनिसेफ की रिपोर्ट– 2018)

5

**भारत में कम आयु में विवाह के कारण**

**Causes of early marriage in India**

6

1. धार्मिक मान्यताएँ
2. विवाह संबंधी निषेध
3. पितृसत्तात्मकता
4. स्त्रियों की पुरुषों पर आर्थिक निर्भरता
5. दहेज प्रथा
6. अशिक्षा एवं जागरूकता का अभाव

7

**भारत में कम आयु में विवाह के दुष्परिणाम**

**Consequences of early Marriage in India**

8

**जनांकिकीय दुष्परिणाम (Demographic Consequences)**

1. जन्मदर में वृद्धि फलतः जनसंख्या में वृद्धि
2. शिशु मृत्युदर में वृद्धि
   (44/1000 तथा गाँव में 80/1000)

9

3. मातृत्व मृत्युदर में वृद्धि
   (212/लाख जन्म पर)
4. लिंगानुपात में कमी
   (943–2011)
5. आश्रित जनसंख्या में वृद्धि-37.5%
   (0-14 वर्ष -29.5% और 60 वर्ष के ऊपर 8%)

10

11

**सामाजिक सांस्कृतिक दुष्परिणाम (Socio-cultural Consequences)**

1. व्यक्तित्व का विकास बाधित
2. बेमेल विवाह सम्भव
3. नए परिवार के साथ सामंजस्य स्थापित करने में समस्या

12

4. युगल द्वारा अपरिपक्व निर्णय की संभावना अधिक
5. आर्थिक विकास दुष्प्रभावित
6. स्त्रियों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव

13

**भारत में विवाह की आयु में वृद्धि हेतु सुझाव**

**Suggestions to Increase the Age of Marriage in India**

14

1. शिक्षा का अधिकाधिक प्रसार किया जाए
2. आर्थिक विकास द्वारा बेरोजगारी का उन्मूलन हो
3. महिला सशक्तिकरण द्वारा लिंग समानता की स्थापना हो

15

4. अधिक आयु में विवाह के पक्ष में जनमत का निर्माण हो – मीडिया, एनजीओ, ग्राम पंचायत, युवाओं के सहयोग से
5. बाल विवाह निषेध कानून को कठोरता से लागू किया जाए
   (इस कार्य की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत को दी जाए)
6. अंतर्जातीय विवाह को प्रोत्साहन दिया जाए

16

**भारत में विवाह की आयु में वृद्धि की समस्या**

**Problem of Increasing the Age of Marriage in India**

17

**भारत में विवाह की आयु में वृद्धि**

- समस्या / दुष्परिणाम
- कारण

18

**भारत में विवाह की आयु में वृद्धि की समस्या / दुष्परिणाम**

**Problems / Consequences of Increasing the Age of Marriage in India**

19

1. प्रजनन में कठिनाई
2. पति-पत्नी संबंधों में तनाव
3. अनैतिक यौनाचार में वृद्धि
4. यौन संबंधी नैतिकता में परिवर्तन
5. लिव-इन-रिलेशनशिप जैसी नवीन प्रवृत्तियों का विकास
6. सरोगेसी को बढ़ावा

20

**भारत में विवाह की आयु में वृद्धि के कारण**

**Causes of Increasing the Age of Marriage in India**

1. शिक्षा का प्रसार और शिक्षा प्राप्ति की इच्छा में वृद्धि
2. आत्मनिर्भरता और रोजगार के महत्व में वृद्धि
3. लिंग असमानता में कमी और स्त्रियों की स्थिति में सुधार से उनमें निर्णय लेने की स्वतंत्रता में वृद्धि

21

4. जीवन साथी के चुनाव में लड़के-लड़कियों की इच्छा का महत्व
5. संयुक्त परिवार का विघटन
6. बढ़ती हुई महत्वाकांक्षा

22

संभावित प्रश्न

23

- भारत में कम आयु में विवाह के जनांकिकीय परिणामों की चर्चा कीजिए। इन परिणामों ने भारतीय समाज को किस प्रकार प्रभावित किया है?
- भारत में कम आयु में विवाह जनसंख्या वृद्धि का एक निर्णायक कारण रहा है। चर्चा कीजिए।

24

- हाल के वर्षों में भारत में विवाह की आयु में वृद्धि दर्ज की गयी है, इस नवीन प्रवृत्ति के लिए कौन-कौन से कारण उत्तरदायी रहे हैं, चर्चा कीजिए।
- भारत में विवाह की आयु में कमी, स्त्रियों के विरूद्ध यौन हिंसा एवं बलात्कार की घटना में हो रही वृद्धि की समस्या का एक उपयुक्त समाधान है, चर्चा कीजिए।

25



Dr. S. S. Pandey

भारत में आयु संरचना

Age Structure in India

26

भारत में आयु संरचना

- आयु संरचना का अर्थ
- भारत में आयु संरचना का स्वरूप
- आयु संरचना में परिवर्तन के लिए उत्तरदायी कारण
- परिणाम

27

भारत में आयु संरचना का अर्थ

Meaning of Age Structure in India

28

किसी देश की जनसंख्या में विभिन्न आयु वर्ग के अनुपात को आयु संरचना कहा जाता है; जैसे-

- 0-14 वर्ष
- 15-59 वर्ष
- 60 वर्ष से ऊपर

29

भारत में आयु संरचना का स्वरूप

Age Structure Pattern in India

30

31

0-14 वर्ष की जनसंख्या के अनुपात में कमी आयी है–

- 1971 – 41.2%
- 2001 – 35.4%
- 2011 – 29.5%
- 2021 – 25.8%

32

15-59 वर्ष की जनसंख्या में थोड़ी वृद्धि हुई है–

- 1971 – 53.4%
- 2001 – 57.1%
- 2011 – 62.5%
- 2021 – 65%

33

60 वर्ष के ऊपर के अनुपात में निरंतर वृद्धि हुई है-

- 1971 – 5.4%
- 2001 – 7.5%
- 2011 – 8% (2050 तक 20% तक पहुँचने का अनुमान)
- 2021 – 9%

34

भारत में आयु संरचना में परिवर्तन के उत्तरदायी कारण

Causes of Change in Age Structure in India

35

1. परिवार नियोजन का विस्तार एवं लघु परिवार के महत्व में तेजी से वृद्धि
2. जनसंख्या समस्या के प्रति जागरूकता में वृद्धि
3. आधुनिक शिक्षा का प्रसार
4. लिंग असमानता में कमी
5. स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार

36

भारत में आयु संरचना में परिवर्तन का परिणाम

Consequences of Change in Age Structure in India

37

1. निश्चित रूप से कार्यशील जनसंख्या के अनुपात में पहले से वृद्धि दर्ज की गयी है, इसके बावजूद यह विकसित देशों (70%) की तुलना में कम है;
   फलतः आर्थिक विकास की गति धीमी बनी हुई है।

38

2. निर्भरशील जनसंख्या के अधिकत्ता के कारण आय का एक बड़ा हिस्सा इन पर खर्च हुआ; फलतः विकास दुष्प्रभावित हुआ है।
3. भारतीय जनसंख्या में वृद्धों का अनुपात बढ़ा है (8%) और वृद्धों की समस्या एक नवीन समस्या के रूप में उभरी है।

39

4. 0-14 वर्ष की आयु संरचना में अपेक्षित कमी नहीं आयी है और भारत में जन्मदर के अधिकता के कारण इस आयु वर्ग का अनुपात अभी भी विकसित देशों (18%) की तुलना में बहुत अधिक है। फलतः विकास के साथ-साथ जनसंख्या नियंत्रण का प्रयास भी दुष्प्रभावित हुआ है।

40

5. आयु संरचना में 65 प्रतिशत 35 वर्ष तक के लोगों की विद्यमानता और 35.6 करोड़ युवाओं की विद्यमानता इसका एक सकारात्मक पक्ष है, जिसका सही दिशा में प्रयोग करके इसे आर्थिक विकास में सहायक बनाया जा सकता है।

41

## संभावित प्रश्न

42

- भारत में आयु संरचना में होने वाले नवीन बदलाव के सामाजिक, आर्थिक परिणामों पर चर्चा कीजिए? इसके लिए उत्तरदायी कारणों को स्पष्ट कीजिए?
- भारत में आयु संरचना में होने वाले आधुनिक परिवर्तन क्या विकास का सूचक हैं? अपने उत्तर के पक्ष में तर्क दें।

43

- भारत, आयु संरचना में हो रहे सकारात्मक परिवर्तन का लाभ लेने में कहाँ तक सफल रहा? इस दिशा में आप क्या सुझाव देंगे?

44



Dr. S. S. Pandey

## भारत में मृत्युदर

Mortality Rate in India

45

**भारत में मृत्युदर**

- भारत में मृत्युदर का अर्थ
- भारत में मृत्युदर का स्वरूप
- भारत में उच्च मृत्युदर के कारण
- भारत में मृत्युदर कम करने हेतु सुझाव

46

## भारत में मृत्युदर का अर्थ

Meaning of Mortality Rate in India

47

मृत्युदर का तात्पर्य किसी वर्ष विशेष में प्रति हजार जनसंख्या पर कुल मृत्युओं की संख्या से है।

उच्च मृत्युदर या निम्न मृत्युदर जनसंख्या संरचना को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारण होते हैं।

48

## भारत में मृत्युदर का स्वरूप

Pattern of Mortality Rate in India

49

भारत में मृत्युदर अधिक है (7.4/1000) यद्यपि यह 1901 में 42.6/1000 तथा 2001 में 8.8/1000 की तुलना में कम है तथापि अभी भी यह विकसित देशों के औसत मृत्युदर (2.5/1000) से बहुत अधिक है, जिसने न केवल जन्मदर को बढ़ाकर सामाजिक, आर्थिक विकास को बाधित किया है, बल्कि स्वयं में यह पिछड़ेपन को परिलक्षित करता है; जैसे–

50

1. शिशु मृत्युदर (Infant Mortality Rate) :
   2011- 44/1000 जीवित जन्म;
   (गाँव में 80/1000)
2. मातृत्व मृत्युदर (Maternal Mortality Rate) :
   2001- 400/लाख जन्म
   2011 - 212/ लाख जन्म

51

## भारत में उच्च मृत्युदर के कारण

### Causes of High Mortality Rate in India

52

1. अत्यधिक गरीबी (Extreme Poverty):
   पौष्टिक आहार की कमी और कुपोषण
2. निम्न जीवन स्तर (Low Standard of Living):
   निम्न स्वास्थ्य स्तर-फलतः बीमारियों की अधिकता

53

3. चिकित्सा सुविधाओं की अपर्याप्तता एवं निम्न स्तर:
   फलतः रोगी मृत्युदर की अधिकता
4. कम आयु में विवाह (Early Marriage):
   फलतः उच्च जन्मदर-
   फलतः मातृत्व मृत्युदर एवं शिशु मृत्युदर की अधिकता अशिक्षा एवं परंपरागत रूढ़ियाँ

54

5. लिंग असमानता एवं दहेज प्रथा (Gender Inequality and Dowry System):
   फलतः स्त्री मृत्युदर की अधिकता

55

## भारत में मृत्युदर कम करने हेतु सुझाव

### Suggestions to Reduce Mortality Rate in India

56

1. चिकित्सा सुविधाओं में मात्रात्मक एवं गुणात्मक (Quantitative and Qualitative) वृद्धि की जाए
2. संक्रामक बीमारियों से निपटने हेतु आपातकालीन व्यवस्था की जाए
3. शिशु एवं मातृत्व कल्याण संस्थान की स्थापना की जाए

57

4. आर्थिक विकास को तीव्र करके गरीबी एवं कुपोषण का उन्मूलन किया जाए
5. आधुनिक शिक्षा के प्रसार द्वारा तार्किक एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास किया जाए
6. महिला सशक्तिकरण के द्वारा लिंग असमानता को कम किया जाए

58

## संभावित प्रश्न

59

- भारत में उच्च मृत्युदर के कारणों की चर्चा करें और इसके नियंत्रण हेतु अपना सुझाव दीजिए।
- "भारत में मृत्युदर की अधिकता उच्च जन्मदर का परिणाम है।" इस कथन को सविस्तार प्रतिपादित करें और मृत्युदर को नियंत्रित करने हेतु उपाय बताए।

60

- भारत में उच्च जन्मदर उच्च मृत्युदर का कारण है अथवा परिणाम। उत्तर दीजिए या समीक्षा कीजिए।
- जनगणना 2011 में जन्मदर की तुलना में मृत्युदर में तीव्र गिरावट सामाजिक- सांस्कृतिक कारकों की प्रभाविता को परिलक्षित करता है। स्पष्ट कीजिए।

Dr. S. S. Pandey



Dr. S. S. Pandey

**भारत में शिशु मृत्युदर**

**Infant Mortality Rate in India**

61

**भारत में शिशु मृत्युदर**

- भारत में शिशु मृत्युदर का अर्थ
- भारत में उच्च शिशु मृत्युदर के कारण
- भारत में शिशु मृत्युदर का स्वरूप
- भारत में शिशु मृत्युदर कम करने हेतु सुझाव

62



Dr. S. S. Pandey

**भारत में लिंगानुपात**

**Sex Ratio in India**

63



Dr. S. S. Pandey

**भारत में शिशु लिंगानुपात**

**Child Sex Ratio in India**

64

**भारत में शिशु लिंगानुपात**

- भारत शिशु लिंगानुपात का अर्थ
- भारत में गिरते शिशु लिंगानुपात के परिणाम
- भारत में गिरते शिशु लिंगानुपात को रोकने हेतु सुझाव
- भारत में शिशु लिंगानुपात का स्वरूप
- भारत में गिरते शिशु लिंगानुपात के कारण

65

**भारत में शिशु लिंगानुपात का अर्थ**

**Meaning of Child Sex Ratio in India**

66

0-6 वर्ष के बच्चों में प्रति हजार लड़कों पर लड़कियों की संख्या

67

**भारत में शिशु लिंगानुपात का स्वरूप**

**Pattern of Child Sex Ratio in India**

68

1. भारत में शिशु लिंगानुपात में निरंतर गिरावट आयी है और यह 1991 के 945 से घटकर 2001 में 927 और 2011 में 919 हो गई है।
2. भारत में शिशु लिंगानुपात विविधताओं से परिपूर्ण है; जैसे-

69

- हरियाणा में 834, पंजाब में 846, जम्मू-काश्मीर में 862, दिल्ली में 871, चण्डीगढ़ में 880 तथा राजस्थान में 888 है–

जबकि- आंध्र प्रदेश में 972, मिजोरम में 970, मेघालय में 970, छत्तीसगढ़ में 969, अंडमान एण्ड निकोबार 968, केरल में 964 है।

70

Dr. S. S. Pandey

71

- यह ST में 957 तथा SC 933 है
- यह भारत के गाँवों में 923 ( 2001 में 934 ) तथा शहरों में 905 ( 2001 में 906 ) है।

72

भारत में गिरते शिशु लिंगानुपात के परिणाम

Consequences of Falling Child Sex Ratio in India

73

लिंगानुपात में गिरावट फलतः

1. विवाह से संबंधित निषेधों का उल्लंघन
2. अंतर्राज्यीय विवाहों में वृद्धि ( मुख्यतः हरियाणा एवं पंजाब में )
3. वधुमूल्य का प्रचलन ( मुख्यतः हरियाणा एवं पंजाब में )

74

4. अंतर्जातीय विवाहों को प्रोत्साहन से दहेज प्रथा हतोत्साहित
5. वैश्यावृत्ति एवं अनैतिक यौन संबंधों में वृद्धि

75

भारत में गिरते शिशु लिंगानुपात के कारण

Causes of Falling Child Sex Ratio in India

76

1. पितृसत्तात्मकता एवं स्त्रियों की निम्न स्थिति की निरंतरता
2. दहेज प्रथा
3. पुत्र को अधिक महत्व एवं बेटी को बोझ मानने के कारण बालिका शिशु मृत्युदर और कन्या भ्रूण हत्या की अधिकता

77

4. छोटे परिवार की धारणा को तार्किक रूप से स्वीकृति साथ ही पुत्र प्राप्ति की इच्छा प्रबल और लिंग परीक्षण की तकनीक का विकास फलतः कन्या भ्रूण हत्या ( 6 लाख/वर्ष कन्याएँ पेट में ही मार दी जाती हैं )
5. अशिक्षा एवं अज्ञानता

78

भारत में शिशु लिंगानुपात अनुकूल करने हेतु सुझाव

Suggestions to Improve Child Sex Ratio in India

79

1. महिलाओं का सभी क्षेत्रों में सशक्तिकरण एवं उनकी स्थिति में सुधार किया जाए।
2. शिक्षा के प्रसार के द्वारा तार्किक दृष्टिकोण का विकास करके पितृसत्तात्मक सोच को हतोत्साहित किया जाए, ताकि पुत्र को अधिक महत्व देने की प्रवृत्ति कम हो सके।

80

3. कन्या जन्म तथा बेटी वाले अभिभावकों को कई रूपों में प्रोत्साहित किया जाए; जैसे- नगद प्रोत्साहन, प्रोन्नति में छूट, चिकित्सा सुविधा एवं शिक्षा के खर्च को सरकार द्वारा वहन करना आदि।

4. दहेज प्रथा विरोधी कानून एवं हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम, 2005 को कठोरता से लागू किया जाए और इस संदर्भ में महिलाओं में अनुकूल मनोवृत्ति उत्पन्न की जाए।

81

5. चिकित्सा सुविधाओं को परिमाणात्मक एवं गुणात्मक दोनों स्तरों पर सुधारा जाए। महिला स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जाए और इस क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारियों को संवेदनशील बनाया जाए।

6. PC & PNDT Act को प्रभावी बनाया जाए और अल्ट्रासाउण्ड के दुरुपयोग को सख्ती से रोका जाए।

82



Dr. S. S. Pandey

भारत में कन्या भ्रूण हत्या

Female Feticide in India

83

भारत में कन्या भ्रूण हत्या

- कन्या भ्रूण हत्या का अर्थ
- कन्या भ्रूण हत्या का स्वरूप
- कन्या भ्रूण हत्या के परिणाम
- कन्या भ्रूण हत्या के कारण
- भारत में कन्या भ्रूण हत्या को रोकने हेतु सुझाव

84

भारत में कन्या भ्रूण हत्या का अर्थ

Meaning of Female Feticide in India

85

किसी स्त्री के गर्भ में पलने वाले भ्रूण की लिंग पहचान करके कन्या भ्रूण को कृत्रिम तरीके से मार देना

86

कन्या भ्रूण हत्या का स्वरूप

Pattern of Female Feticide

87

6 लाख प्रतिवर्ष

88

कन्या भ्रूण हत्या के परिणाम

Consequences of Female Feticide

89

गिरते शिशु लिंगानुपात के परिणाम लिखें

90

91

कन्या भ्रूण हत्या के कारण

*Causes of Female Feticide*

92

गिरते शिशु लिंगानुपात के कारण लिखें

93

भारत में कन्या भ्रूण हत्या को रोकने हेतु सुझाव

*Suggestions to Stop Female Feticide in India*

94

गिरते शिशु लिंगानुपात को रोकने वाले सुझाव लिखें

95

UPSC द्वारा पूछे गए प्रश्न

96

- आप उन आँकड़ों को किस प्रकार स्पष्ट करते हैं, जो दर्शाते हैं कि भारत में जनजातीय लिंगानुपात, अनुसूचित जातियों के बीच लिंगानुपात के मुकाबले, महिलाओं के अधिक अनुकूल हैं। **UPSC – 2015**
- क्या कारण है कि भारत के कुछ अत्यधिक समृद्ध प्रदेशों में महिलाओं के लिए प्रतिकूल स्त्री-पुरुष अनुपात है? अपने तर्क पेश कीजिए। **UPSC – 2014**

97

- 'स्त्री-पुरुष अनुपात में पतन भारत के भावी सामाजिक विकास के लिए एक भयप्रद संकेत है।' चर्चा कीजिए। **UPSC – 2008**
- भारत की जनसंख्या में लिंग अनुपात की परिभाषा दीजिए तथा इसकी वर्तमान स्थिति बताइए। **UPSC – 2002**